माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुवांरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन—247120)
Website - msuniversity.ac.in   Email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 50 / प्रवेश / msu / 2024–25   दिनांक : 26.11.2024

प्रेस—विज्ञप्ति

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के सम्बद्ध समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित सत्र 2024–25 में **LLB 3 Year & LLB 5 Year (BA LLB, B.Com LLB)** पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। जिन स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में बी०सी०आई० द्वारा उक्त पाठ्यक्रमों के संचालन की अनुमति प्रदान की गयी है। उन सभी स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में **LLB 3 Year & LLB 5 Year (BA LLB, B.Com LLB)** पाठ्यक्रम में माननीय कुलपति जी ने प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक 30.11.2024 तक विस्तारित करने की अनुमति प्रदान कर दी है।

उपरोक्त के सम्बंध में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार केवल स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों / संस्थानों में उपरोक्त विधि स्नातक पाठ्यक्रमों में आनलाईन पंजीकरण / प्रवेश की तिथि 30.11.2024 तक विस्तारित की जाती है। प्रवेश हेतु पहले से पंजीकृत परन्तु अप्रवेशित अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के पोर्टल से अपना ऑफर लेटर डाउनलोड कर सम्बंधित स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में जहाँ पर रिक्त सीट हैं वहाँ पर प्रवेश लेना सुनिश्चित करेंगे। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंनें अभी तक अपना पंजीकरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नहीं किया है वह अपना ऑनलाईन पंजीकरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://msuniversity.ac.in पर दिये गये लिंक पर करके अपना ऑफर लेटर डाउनलोड कर आवश्यक पत्राजात के साथ सम्बंधित स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में जहाँ पर वह प्रवेश लेने के इच्छुक है, निर्धारित तिथि तक प्रवेश लेना सुनिश्चित करेंगे। प्रवेश सम्पुष्ट (Confirm) की अन्तिम तिथि 30.11.2024 है। इसके पश्चात प्रवेश का कोई अवसर प्रदान नही किया जायेगा।

(प्रो० ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
एवं
प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा० कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सहायक प्रवेश समन्वयक को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आशय से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।

(प्रो0 ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक